Publication –Daily Hunt	Link https://m.dailyhunt.in/news/india/english/the+reporting+today-epaper-dh7c9a2ef740514d2bafabeaed273af5dd/ikure+plans+to+open+190+healthcare+clinics+provide+services+to+over+10+million+people+in+the+next+5+years-newsid-dh7c9a2ef740514d2bafabeaed273af5dd_92ffcef02cd011ebad1f33c6b489a8ad
Edition – Kolkata	Date – 23.11.2020

राज्य ब्यूरो, कोलकाता : दुनियाभर में फैली कोरोना महामारी को लेकर आइक्योर के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुजय सातरा ने कहा-इंटरनेट मीडिया पर कोरोना को लेकर फैले अफवाह और फेक न्यूज बड़ी समस्या है। इस कारण शुरू में हमें लोगों को समझाने में बहुत दिक्कत भी हुई थी। लोग कोरोना को लेकर काफी भ्रमित थे और उनमें भय व आशंका दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही थी। अब आइक्योर के 'अवेयरनेस एप्लीकेशन' के साथ हम लोगों तक सही और उचित जानकारी पहुंचा रहे हैं, जिससे साधारण लोग अफवाह का शिकार न हो। हमारे कार्यकर्ता लोगों तक पहुंच कर उनके और डॉक्टरों के बीच माध्यम बनने का काम कर रहे हैं। इसकी वजह से सही समय में उचित इलाज हो पा रहा है और लोगों के बीच कोरोना महामारी को लेकर जागरुकता भी काफी बढ़ी है।

वे अब कोरोना से निपटने के तरीकों के बारे में काफी कुछ जान चुके हैं। हमारे अवेयरनेस एप्लीकेशन की मदद से मरीज की मेडिकल हिस्ट्री का पता आसानी से चल जाता है, जिससे इलाज में सुविधा होती है।'

सांतरा ने आगे कहा-' हम कोविड-19 ग्रसित करीबन 60,000 मरीजों को मदद देने में सफल रहे एवं अभी भी कर रहे हैं।'

गौरतलब है कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सहयोगी संस्था, श्वॉब फाउंडेशन फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप और जुबिलैंट भारतिया फाउंडेशन ने 11वें सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (एसईओवाय)-इंडिया अवॉर्ड, 2020 के फाइनलिस्ट की घोषणा की है। कोलकाता की आइक्योर को एसईओवाय इंडिया अवॉर्ड 2020 के लिए फाइनलिस्ट के तौर पर चुना गया है। विजेता का चुनाव एक विशिष्ट समिति द्वारा किया जाएगा।

गौरतलब है कि आइक्योर शून्य मृत्यु दर हासिल करने के लिए पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से समुदायों के घरों तक आसान पहुंच वाली स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। आइक्योर आज चिकित्सा जगत में जाना-माना नाम है और तेजी से सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही है।